
## एक नजर में

### खाटू श्याम के दरबार में होगा फाग उत्सव



**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 17 फरवरी, का.** नगर में स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर धाम में 27 फरवरी एकादशी के दिन फाग उत्सव मनाया जाएगा.भजन संध्या और छप्पन भोग का आयोजन भी होगा. मंदिर प्रबंधन समिति और श्याम परिवार द्वारा सोमवार रात्रि को आयोजित बैठक में इसको लेकर रुपरेखा तैयार की गई .उत्सव को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक सजाया जाएगा. बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार किया जाएगा. उज्जैन से 51 किलो फूल और इंदौर से आर्टिफिशियल फुलवारी मंगवाई जाएगी.

**जमकर उड़ेगा रंग-गुलाल**

एकादशी के दिन रंग भरी एकादशी का आयोजन होगा. जिसमें भक्त बाबा को रंग-गुलाल अर्पित करेंगे और आपस में भी गुलाल लगाकर खुशियां मनाएंगे. मंदिर समिति के अनुसार इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है. इस दिन शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भजन गायक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे. सह्योमवार की रात्रि में मंदिर परिसर में हुई बैठक में मंदिर समिति, श्याम परिवार और खाटू श्याम जी के भक्त उपस्थित रहे. फाग उत्सव को भव्य और यादगार बनाने के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया.

### क्षीर धारा ग्राम योजना को लेकर बैठक

**राजगढ़ 17 फरवरी, का.** उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा क्षीर धारा ग्राम योजना अंतर्गत संयुक्त अभिसरण समिति की प्रथम बैठक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्ययक्षता में सोमवार कोआयोजित की गई. बैठक में जिला एवं वनमण्डााधिकारी,उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग, संबंधित विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी, पशुचिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, ए.व्ही.एफ.ओ.तथा वन मंडल प्रभारी उपस्थित रहें. बैठक में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रत्येक वन मंडल से चयनित ग्रामों को योजना के प्रथम चरण में विकसित किया जाना है. योजना का उद्देश्य संयुक्त पहल के माध्यम से ऐसा विकास मॉडल स्थापित करना है, जिसमें समृद्ध पशुपालक और समृद्ध वन सम्पदा एक-दूसरे के पूरक बन सकें.

### बिना प्राधिकार संचालित चिकित्सा संस्थानों पर होगी कार्यवाही

**राजगढ़ 17 फरवरी, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने टास्क फोर्स की बैठक में जिले में संचालित चिकित्सा संस्थानों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि ऐसे चिकित्सा संस्थान, जिन्होंने अभी तक प्राधिकार सम्मकति प्राप्त नहीं की है अथवा जिनका प्राधिकार नवीनीकरण लंबित है और इसके बिना संचालित हो रहे हैं, वे तत्काल आवेदन प्रस्तुत कर वैध सम्मंति प्राप्त करें. साथ ही बिना वैध अनुमति संचालित संस्थानों के विरुद्ध मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से अग्रिम कार्यवाही की जाएगी. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि सभी चिकित्सा संस्थान आवश्यक प्राधिकार एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर ही संचालन सुनिश्चित करें.

# एलपीजी, स्मार्टफोन जानकारी भी देनी होगी

## छत बनाने में किस सामग्री का उपयोग किया इसकी जानकारी भी देनी होगी



**जनगणना : 33 बिंदुओं पर डिजिटल होगी जनगणना, नागरिक स्वयं अपडेट कर सकेंगे पोर्टल पर जानकारी**

### एलपीजी, शौचालय और स्मार्टफोन की जानकारी देनी होगी

साथ ही इसके अलावा घर में स्नानघर, एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन, टेलीविजन, रेडियो, इंटरनेट सुविधा, कंप्यूटर, मोबाइल / स्मार्टफोन, साइकिल, स्कूटर, मोटर साइकिल, मोपेड, कार, जीप या वैन जैसी सुविधाओं और वाहनों की जानकारी भी शामिल है. परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य खाद्यान्न, परिवार में रहने वाले विवाहित दंपत्तियों की संख्या, परिवार के मुखिया का व्यवसाय तथा मकान के स्वामित्व की स्थिति से जुड़ी जानकारी भी जनगणना में दर्ज की जाएगी.

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 फरवरी, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की उपस्थिति में मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्तर अनुविभागीय (राजस्वक) अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री ज्योअति राजोरे, जिला सूचना अधिकारी (एनआईसी), समस्तर तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी, नायब तहसीलदार एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी जनगणना ग्रामीण समस्तत सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.**

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा बताया गया कि जनगणना 2027 में खास बात यह है कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी. जनगणना प्रक्रिया में नागरिक स्वयं स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं. जनगणना के दौरान गणक के घर आने पर उन्हें यह जानकारी देनी होगी तब इस जानकारी को डिजिटल संकलित करेंगे. नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्वयं जानकारी स्व-गणना पोर्टल पर भर सकेंगे.

### डिजिटल लेकिन गोपानीय होंगी सभी जानकारी

राजपत्र में स्पष्ट किया गया है कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत एकत्र की गई सभी व्यक्तिगत जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रहेंगी और किसी भी न्यायालय, जांच या अन्य प्रयोजन के लिए साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं की जा सकेंगी ।जनगणना 2027 में यह समस्त जानकारी डिजिटल माध्यम से मोबाइल एप और पोर्टल के जरिए एकत्र की जाएगी. नागरिकों से अपील की गई है कि वे जनगणना अधिकारियों को सही और पूर्ण जानकारी प्रदान करें, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके.




### नागरिकों को 33 बिंदुओं पर जानकारी देनी होगी

उन्होंने बताया कि जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी. जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, मकान की दीवार, छत और फर्श में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग और स्थिति की जानकारी ली जाएगी. इसके साथ ही परिवार, परिवार में रहने वाले सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, सामाजिक वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य) से संबंधित विवरण दर्ज किया जाएगा. जनगणना के दौरान पेयजल का मुख्य स्त्रोत, प्रकाश का स्त्रोत, शौचालय की उपलब्धता और उसका प्रकार, गंदे पानी की निकासी, रसोईघर एवं उसमें प्रयुक्त ईंधन की जानकारी भी ली जाएगी.



# बेटे की शादी के दूसरे दिन पिता की मौत

## सुबह 11 बजे निकले थे घर से, दोपहर 3 बजे कुएं में मिली लाश

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 17 फरवरी, सं. क्षेत्र के ग्राम लोटिया में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां बेटे की शादी के दूसरे दिन पिता का शव खेत में स्थित कुएं से बरामद हुआ. मंगलवार को हुई इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई. मृतक की पहचान 55 वर्षीय कन्हैयालाल मालवीय के रूप में हुई है. जानकारी के अनसार लोटिया निवासी कमल मालवीय की शादी सोमवार को धूमधाम से संपन्न हुई थी. विवाह समारोह में रिश्तेदारों और ग्रामीणों की मौजूदगी से घर में उत्सव का माहौल था.** मंगलवार सुबह करीब 11 बजे पिता कन्हैयालाल मालवीय घर से खेत की ओर गए थे. बताया जा रहा है कि वे खेत पर स्थित कुएं के पास गए थे. दोपहर करीब 3 बजे तक जब कन्हैयालाल घर नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने आसपास तलाश शुरू की बाद में ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर परिजन और ग्रामीण कुएं के पास पहुंचे. वहां कुएं के अंदर कन्हैयालाल का शव दिखाई दिया, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया. घटना की सूचना तत्काल लीमाचौहान पुलिस को दी गई. पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया. पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक तौर पर यह मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है. हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा. इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. मृतक के तीन बेटे हैं, जिनमें से सबसे छोटे बेटे की शादी सोमवार को हुई थी.

# झगड़ा-नातरा मामले में आरोपियों को पकड़ा

## 3 आरोपी फरार, पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 फरवरी, का. झगड़ा-नातरा कुप्रथा से संबंधित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है. अभियान के अंतर्गत कोतवाली राजगढ़ निरीक्षक मंजू मखेनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष प्रयास किए गए, जिनमें महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है.**

पुलिस टीम द्वारा अपराध क्रमांक 17/26 धारा 308(5),



326(द्व), 3(5) बीएनएस में फरार आरोपी घनश्याम पिता जगन्नाथ तंवर, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम देहरी जागीर, थाना कोतवाली राजगढ़, रंगलाल पिता करणसिंह तंवर, उम्र 24 वर्ष, निवासी बांकपुरा, थाना कोतवाली राजगढ़, दिनेश पिता कंवरलाल तंवर, उम्र 27 वर्ष, निवासी बांकपुरा, थाना कोतवाली राजगढ़ को गिरफ्तार किया है. वहीं फरार आरोपियों में सुरेश पिता दरियाबसिंह सोंधिया, ईश्वर पिता दरियाबसिंह सोंधिया दोनों निवासी ग्राम गंगापुरा, थाना भोजपुर की तलाश की जा रही है. वहीं अन्य आरोपीगण रामनारायण पिता रंगलाल भील, निवासी ग्राम हिनोतिया, थाना दांगीपुरा, जिला झालावाड़ (राजस्थान) को हिरासत में लिया है. उपरोक्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है.

### जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न

**राजगढ़ 17 फरवरी, का.** कलेक्टार डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेपट सभागार में जिला टास्कप फोर्स समिति की बैठक सम्पशन्न् हुई. बैठक में जिला परिवहन अधिकारी, वनमणास धिकारी, क्षेत्रीय प्रमुख म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल एवं प्रभारी खनिज अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में खनिज विभाग द्वारा माह फरवरी तक का राजस्व् लक्ष्यी शत-प्रतिशत प्राप्तद किया जाने पर कलेक्ट र डॉ. मिश्रा द्वारा प्रसन्नाता व्यरक्त की गई. साथ ही खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डापरण में कार्यवाही करते हुए 146 प्रकरण दर्ज किए गए.

# गौवंश संवर्धन के लिए हेतु शिव मंदिर में सौंपा प्रार्थना पत्र

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 फरवरी, का.** गौ माता, नन्दी महाराज सहित सम्पूर्ण गौवंश की सेवा, रक्षा एवं संवर्धन की भावना को लेकर रविवार को राजगढ़ में धार्मिक वातावरण के बीच एक विशेष पहल की गई. शहर के प्रसिद्ध शिव कोहिरी महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं एवं हिन्दू समाज के प्रतिनिधियों द्वारा भगवान भोलेनाथ के चरणों में प्रार्थना पत्र अर्पित किया गया.

कार्यक्रम का आयोजन 15 फरवरी 2026 को किया गया. इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव से गौवंश की रक्षा एवं कल्याण की कामना की. इसके पश्चात गौ माता एवं नन्दी महाराज की सेवा-संरक्षा को लेकर सामूहिक रूप से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया. आयोजकों ने बताया कि गौवंश भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। गौ माता को मातृ स्वरूप मानते हुए समाज में उनकी सेवा, संरक्षण और संवर्धन के लिए जनजागरण आवश्यक है. इसी उद्देश्य से यह धार्मिक एवं सामाजिक पहल की गई, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग में गौसेवा के प्रति जागरूकता बढ़े और ठोस प्रयास किए जा सकें. कार्यक्रम में समस्त हिन्दू समाज के साथ क्षेत्र, प्रांत, जिला, प्रखंड एवं विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि गौवंश की रक्षा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है. उन्होंने प्रशासन एवं समाज के सहयोग से गौशालाओं के सुदृढ़ संचालन, निराश्रित गौवंश की देखभाल तथा संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया.

### क्लस्टर स्तरीय शिविर 16 मार्च तक लगेंगे

**राजगढ़ 16 फरवरी, का.** शासन के समस्तस विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ देने के उददेश्यद से जिले की सभी ग्राम पंचायतों नगरीय निकायों, तहसील एवं जिला स्तशर पर पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय सीमा में पहुचाने हेतु संकल्पत से समाधान अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक आयोजित किया जा रहा हैंस उक्तव अभियान में ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय शिविर 16 फरवरी से 16 मार्च तक आयोजित किए जाएगे.

# समय पर नहीं खुली शाला, बच्चे करते रहे इंतजार

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 फरवरी, का.** राजगढ़ तहसील के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सरेडी संस्था मंगलवार को बंद पाए जाने तथा बच्चों के द्वारा स्कूल खुलने का इंतजार करने एवं स्टॉफ सदस्यों के नदारद रहने संबंधी सोशल मिडिया पर प्रसारित विडियो के बाद जिला शिक्षा विभाग ने अब संस्था प्रबंधन से जवाब मांगा है. जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में शाला बंद होने तथा स्टॉफ के अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओं सूचना जारी की है. जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला द्वारा जारी आदेश में कहा है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित




विडियो के अनुसार 17 फरवरी को शासकीय एकीकृत मावि सरेडी संस्था बंद पाई गई तथा स्टॉफ सदस्य अनुपस्थित पाए गये. विडियो में विद्यार्थी संस्था के मुख्य द्वार के बाहर प्रतीक्षाा करते हुए दिखाई दे रहे है.

**तीन दिवस में मांगा जवाब-** आदेश में कहा है कि उक्त स्थिति शासकीय दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही को प्रदर्शित करता है. अत: निर्देशित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में अपना स्पष्ट एवं तथ्यात्मक लिखित स्पष्टीकरण तीन दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत करे, ऐसा नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की बात कही गई है. निर्धारित समयावधि में उत्तर जवाब नहीं देने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी.

**कहा समय पर नहीं खुलती शाला-** सोशल मिडिया पर जारी विडियो में कहा जा रहा है कि उक्त शाला समय पर नहीं खुलती है, बच्चों से ही स्कूल खुलवाया जाता है और सफाई कराई जाती है, यह एक दिन का मामला नहीं है, कई बार ऐसा होता है, इन हालातों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है.



# 12 कन्याओं का विवाह

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 17 फरवरी, सं. स्थानीय बालकेश्वर महादेव जनकल्याण एवं उत्सव समिति के तत्वावधान में सप्तम नि:शुल्क विवाह सम्मेलन मंगलवार को पूर्ण रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ. 12 कन्याओं का विवाह यहां सम्पन्न हुआ.**

स्थानीय मंडी परिसर से सभी दूल्हे की वर निकासी बेंड बाजे के साथ निकाली गई व वर- वधु का वर माला कार्यक्रम आयोजित किया गया. तोरण के बाद पूर्ण हिंदू रीति रिवाज के साथ पाणिग्रहण संस्कार कराया गया. समिति के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने अतिथियों का हार फूल मालाओं से स्वागत किया. नागरिको ने कन्याओं के पैर पूजकर नगद राशि व उपहार प्रदान किए. इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की.

**नव युगलो को आशीर्वाद देने पहुंचे लोग-** नव युगलों को आशीर्वाद देने बड़ी संख्या में नागरिक सम्मेलन स्थल पहुंचे. पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पुरूषोत्तम दांगी, मोहन पंवार भाजपा नेता रामनारायण दांगी, जगदीश पंवार, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष दिलबर यादव, मानसिंह टोका, भाजपा नेता नारायण सिंह सालरियाखेडी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज लोधी, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह परमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सोंधिया, पार्षद आकाश अग्रवाल, पदम सिंह लोधी, श्रीमती पुष्पा पंवार, माधवी सिंह परमार,सुनीता विश्वकर्मा, रघुवीर सिंह सोंधिया, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, नागरिक सम्मेलन स्थल पर पहुंचे. विशाल पांडाल में एक जैसी वेशभूषा में दूल्हा-दुल्हन नजर आये. बारात में बैंड बाजे, डीजे की धुन पर बारातियों के नृत्य ने आयोजन को यादगार बना दिया. समूचे मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई. पंडित नवल किशोर शर्मा, लोकेश शर्मा द्वारा पूर्ण रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया.

**परिवार के सदस्य के विवाह की तरह करते तैयारी-** आयोजन समिति अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, सदस्य मुरारी पालीवाल, बबलू मिश्रा, श्याम पालीवाल, पं.उमेश मिश्रा, ओमप्रकाश पालीवाल, राकेश शिवहरे, घनश्याम गुप्ता के अनुसार सभी सदस्यों के लिए यह आयोजन परिवार के किसी सदस्य के विवाह से कम नहीं रहता है, इसके लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जाती है. जिसमें समिति के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है.

**समीक्षा** — राजगढ़, खिलचीपुर और जीरापुर ब्लॉक के निजी स्कूलों पर कार्यवाही के निर्देश

# अधूरी प्रोफाईलिंग पर नपेंगे दर्जन भर निजी स्कूल

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 फरवरी, का.** निजी विद्यालयों द्वारा एमपीटासपोर्टल पर दर्ज जानकारी की समीक्षा हेतु सोमवार को जिला पंचायत सभागार में विद्यालय विस्तारपूर्वक समीक्षा बैठक आयोजित की गई. आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जिन विद्यालयों में छात्र प्रोफाइल अपूर्ण पाई गई, उन्हें तत्काल आवश्यक जानकारी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए. विशेष रूप से फ्यूचर किड्स एकेडमी, एडवांस किड्स एकेडमी, सरस्वती शिशु मंदिर, चितरांश कॉन्वेंट हाई स्कूल (जीरापुर), महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल (जीरापुर), मां सरस्वती एकेडमी (जीरापुर) एवं एस.के.



कॉन्वेंट सहित अन्य विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया.

बैठक में निर्देशित किया गया कि जिन विद्यार्थियों का आधार सत्यापन लंबित है, उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए. विद्यालयों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि छात्र प्रोफाइल, आधार लिंकिंग तथा आवश्यक दस्तावेजों को 10 दिवस के भीतर अद्यतन कर पोर्टल पर प्रविष्ट करें. राजगढ़ विकासखंड अंतर्गत मारुति नंदन कॉन्वेंट स्कूल, बाल गोपाल स्कूल, राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, अंजलि मेमोरियल स्कूल (चाटूखेड़ा), सरस्वती पब्लिक स्कूल (खिलचीपुर) तथा गर्ल्स स्कूल खिलचीपुर की भी समीक्षा की गई. जिन संस्थाओं में आरटीई अंतर्गत प्रवेश रोकने अथवा पोर्टल प्रविष्टि में लापरवाही पाई गई, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं 10 दिवस के भीतर स्थिति सुधारने के निर्देश दिए गए. आवश्यकता पड़ने पर संबंधित एपीसी के माध्यम से नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी ।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी समीक्षा बैठक 26 फरवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी, जिसमें समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालयों की ब्लॉकवार प्रगति की पुन: समीक्षा की जाएगी.

**गत वर्ष भी आई लापरवाही सामने, प्रशासन ने दिखाई सख्ती**

बीते वर्ष भी जाति प्रमाणपत्रों और आरटीई पोर्टल पर जानकारी में लेटलतीफी को लेकर प्रशासन की ओर से सख्ती नजर आई थी. जिसमें निजी स्कूलों को समय पर कार्य निपटाने की हिदायत दी गई थी. हालांकि मामले में विद्यार्थियों से जुड़े काम जो पोर्टल पर होने है वे निजी स्कूलों द्वारा कर दिए गए थे. लेकिन एक बार फिर से समीक्षा में जिला कलेक्टर ने अपनी तल्खी दिखाते हुए स्पष्ट चेतावनी जारी की है. मामले में कार्यवाही भी होगी.